## CHAPTER 15, सबसे खतरनाक

## PAGE 177, प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:1**

**1. कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार, गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना।**

**उत्तर**: कवि अनुसार मेहनत की लूट,पुलिस की मार,गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं हैं क्योंकि इनका प्रभाव क्षेत्र सीमित है और इनसे हुयी क्षति की पूर्ति संभव है। इन क्रियाओं में व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है। ये स्थितियां बुरी तो हैं ही परन्तु इनमे बदलाव संभव है इसलिए ये सब खतरनाक नहीं हैं। इनसे खतरनाक अन्य दूसरी बातें हैं।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:2**

**2. सबसे खतरनाकशब्द के बार-बार दोहराए जाने से कविता में क्या असर पैदा हुआ?**

**उत्तर** :"सबसे खतरनाक" शब्द के बार-बार उपयोग से कथन बहुत प्रभावी ढंग से व्यक्त हुआ है। यह शब्द उस तबाही को दर्शाता है जो समाज को निर्जीव बना रही है। "सबसे खतरनाक" शब्द का दोहराव पाठकों को दिलचस्पी देता है और कविता में उनकी जिज्ञासा बनी रहती है और उनका ध्यान विशेष रूप से खतरनाक चीजों की ओर आकर्षित होता है। उनके अंदर खतरनाक और सबसे खतरनाक के बीच अंतर करने की क्षमता होती हैं। वे समाज की परिस्थितियों पर गंभीरता से विचार करते हैं।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:3**

**3. कवि ने कविता में कई बातों कोबुरा हैन कहकरबुरा तो हैकहा है।तो के प्रयोग से कथन की भंगिमा में क्या बदलाव आया है, स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** : 'तो' का प्रयोग से 'खतरनाक' शब्द की तुलनात्मक

स्थिति का बोध होता है। 'बुरा है' स्पष्ट रूप से आरोप है क्योंकि यह अपने आप में एक पूर्ण वाक्य बन जाता है। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। 'बुरा तो है' यह कहकर हम मामले को आगे बढ़ाते हैं और पाठक के मन में जिज्ञासा पैदा करते हैं। उसे और अधिक सीखने के लिए मजबूर करते हैं। 'तो' शब्द इंगित करता है कि स्थितियां खराब हैं परन्तु  अभी भी शिखर पर नहीं पहुँची है।

इस प्रकार, 'तो' के उपयोग के साथ इस कथन  में बदलाव आया है कि खतरनाक की श्रेणी में होने के बाद भी यह अन्य सभी खतरनाक चीजों से अलग है।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविताकेसाथ:4**

**4. मुर्दा शांति से भर जानाऔरहमारे सपनों का मर जाना -इनको सबसे खतरनाक माना गया है। आपकी दृष्टि में इन बातों में परस्पर क्या संगति है और ये क्यों सबसे खतरनाक है?**

**उत्तर** : 'मुर्दा शान्ति से भर जाना'  का अर्थ निष्क्रिय होना, जड़

होना या प्रतिक्रिया से शून्य होना है। ऐसी स्थिति बहुत खतरनाक होती है क्योँकि ऐसा व्यक्ति सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं होता है। वह जीवित होते हुए भी मृत व्यक्ति की तरह है। इस प्रकार की  तटस्थता बहोत ही खतरनाक है। ‘हमारे सपनों का मरना ’का अर्‌थ है - कुछ भी करने की इच्छा समाप्त होना। जो मनुष्य ऐसे विचार रखते है उनकी कल्पना तथा विचार शून्य हो जाते है। ।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविताकेसाथ:5**

**5. सबसे खतरनाक वह घड़ी होती है/आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो/आपकी निगाह में रुकी होती है। इन पंक्तियों में घड़ी शब्द की व्यंजना से अवगत कराइए।**

**उत्तर** :  यहाँ इन पंक्तियों में 'घड़ी' शब्द जीवन की गति से संबंधित है। जिस तरह घड़ी चलती रहती है उसी प्रकार जीवन भी प्रगतिशील और गतिशील होना चाहिए। निष्क्रियता और उदासीनता जीवन के लिए खतरनाक है। जीवन के जिस समय पर उदासीनता तथा निष्क्रियता  है उस वक़्त जीवन आगे बढ़ने

की जगह एक ही बिंदु पर ठहर जाता है।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:6**

**6. वह चाँद सबसे खतरनाक क्यों होता है, जो हर हत्याकांड के बाद/आपकी आँखों को मिर्चों की तरह नहीं गड़ता है?**

**उत्तर** : बेशक चंद्रमा सुंदरता का प्रतीक है, लेकिन कोई भी एक हत्याकांड के बाद सुंदरता का स्वाद नहीं लेना चाहता है। कवि कहना चाहता है की हत्याकांड के दोषी व्यक्ति हमारी आँखों में चुभना चाहिए। परन्तु ऐसे व्यक्ति लोंगो की आँखों में खटकते नहीं है। जिन लोंगो की आँखों  ऐसे हत्यारे व्यक्ति चुभते नहीं है उनकी संवेदना शून्य हो चुकी होती है जो वास्तविक रूप से खतरनाक होती है।

**PAGE 178, प्रश्न - अभ्यास - कविता के आसपास**

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविता के आसपास:1**

**7. कवि ने मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती से कविता का आरंभ करके फिर इसी से अंत क्यों किया होगा।**

**उत्तर** : कवि ने 'मेहनत की लूट सबसे ख़तरनाक नहीं होती' से कविता का आरम्भ तथा अंत इसलिए किया है क्योँकि वे खतरनाक और बहोत खतरनाक में अंतर बताना चाहते थे। वे समझना चाहते थे की उपरोक्त परिस्थिति बदल सकती है परन्तु समाज को इन सबसे अलग बहोत खतरनाक बातों पे ध्यान देना चाहिए तथा उनपे विचार करना चाहिए।

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविताकेआसपास:2**

**8. कवि द्वारा उल्लिखित बातों के अतिरिक्त समाज में अन्य किन बातों को आप खतरनाक मानते हैं?**

**उत्तर** : कवि द्वारा उल्लिखित बातों के अतिरिक्त समाज में निम्न बातों को हम खतरनाक मानते हैं:

1. मानव तस्करी, महिला और बच्चों की तस्करी

2. बाल मजदूरी
3. आतंकवाद
4. साम्प्रदायिकता
5. जातिवाद
6. आरक्षण

**11:1:19:प्रश्न - अभ्यास - कविताकेआसपास:3**

**9. समाज में मौजूद खतरनाक बातों को समाप्त करने के लिए आपके क्या सुझाव हैं?**

**उत्तर** : समाज में मौजूद खतरनाक बातों को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित सुझाव हैं-समाज

1. समाज और व्यक्ति का घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनना ।
2. लोगों के बीच जागरूकता फैलाना।
3. धार्मिक और साम्प्रदायिक भावनाओं से ऊपर उठना।